संख्या-8/2015/242 ई-2/तेरह-2015-65/95

प्रेषक,

सुनील कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 19 फरवरी,2015

विषय:- मेसर्स किसान सहकारी चीनी मिल लि0, स्नेह रोड, नजीबाबाद, जनपद बिजनौर को आसवनी स्थापना हेतु निर्गत पी0डी0-33 लाइसेंस की वैधता अवधि बढाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-62/दो-प्रा0डी0-96, दिनांक 25 अगस्त,2014 तथा पत्र संख्या-जी-138/दो-प्रा0डी0-96, दिनांक 30 जनवरी,2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें मेसर्स किसान सहकारी चीनी मिल लि0, स्नेह रोड, नजीबाबाद, जनपद बिजनौर को आसवनी स्थापना हेतु निर्गत पी0डी0-33 लाइसेंस की वैधता अवधि बढाये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 25 अगस्त,2014 एवं 30 जनवरी,2015 में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त मेसर्स किसान सहकारी चीनी मिल लि0, स्नेह रोड, नजीबाबाद, जनपद, बिजनौर को आसवनी स्थापना हेतु निर्गत पी0डी0-33 लाइसेंस की वैधता दि0 01-01-2014 से दि0 31-12-2014 तक औपचारिक रूप से बढाते हुये दि0 01-01-2015 से 31-12-2015 तक बढाये जाने के सम्बन्ध में शासन की अनुमति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

उक्तानुसार कृपया अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://sirasanadesh.up.nic.in/go/intra